अवैध फरसा रखने के आरोप में अभियुक्त को हुई सजा

श्रावस्ती 3 जनवरी (मि0टा0सं0)। अवैध फरसा रखने के अपराध में अभियुक्त को जेल में बिताई हुई अवधि के कारावास व 1000 रूपये के अर्थदण्ड की सजा दी गई अभियोजन पक्ष की पैरवी के फलस्वरूप दिनांक 02.03.2025 को सीजे/जेडी/JM न्यायाधीश जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना को0 भिनगा में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 07/2002 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के अपराध में अभियुक्त विश्राम पुत्र सतगुरु निवासी समहारनपुरवा थाना को0 भिनगा जनपद श्रावस्ती को दोषी पाते हुये जेल में बिताई गई अवधि के कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त के पास से 1 अदद अवैध फरसा बरामद होने के संबंध में थाना को0 भिनगा में मु0अ0सं0 07/2002 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत हुआ था. जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।

भैंस चोरी के आरोप में अभियुक्त को हुई सजा

श्रावस्ती 3 जनवरी (मि0टा0सं0)। भैंस चोरी के आरोप में अभियुक्त को जेल में बिताई हुई अवधि के कारावास व 1,000 रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। अभियोजन पक्ष की पैरवी के फलस्वरूप सीजे/जेडी/जेएम न्यायालय जनपद श्रावस्ती द्वारा थाना भिनगा में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0 59/1997 धारा 379.411 भादवि के अपराध में अभियुक्त आज्ञाराम पुत्र कोमल निवासी चौबे पुरवा दा0 पूरेअघारी थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती को दोषी पाते हुये जेल में बिताई गई अवधि के कारावास एवं 1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियुक्त के द्वारा वादी की एक भैंस व एक पड़वा चोरी करने के के संबंध में थाना को0 भिनगा में अभियोग पंजीकृत हुआ था।